दिन–शनिवार दिनांक– 08 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. नरेन्द्र मोदी कल लगातार तीसरी बार लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ। शाम सात बजकर पन्द्रह मिनट पर राष्ट्रपति भवन में होगा शपथ ग्रहण समारोह।

02. श्रीलंका और मालदीव के राष्ट्रपति, सेशेल्स के उप राष्ट्रपति और बांग्लादेश, मॉरीशस, नेपाल तथा भूटान के प्रधानमंत्री समारोह में होंगे शामिल।

03. केन्द्रीय मंत्रिमंडल गठन को लेकर सरगर्मी हुई तेज। एनडीए में शामिल घटक दलों के वरिष्ठ नेता मंत्रियों की सूची तैयार करने में जुटे।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में भीषण लू से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग का पूर्वानुमान अगले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत नहीं। उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना भी जतायी।

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी को नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह कल शाम सात बजकर पन्द्रह मिनट पर राष्ट्रपति भवन में होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू श्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्री परिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। इसके पूर्व भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के नेतृत्व में एनडीए के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से मिलकर एक पत्र सौंपा जिसमें श्री नरेंद्र मोदी को भाजपा संसदीय दल का नेता निर्वाचित किये जाने की जानकारी दी गयी। एनडीए के घटक दलों की ओर से समर्थन पत्र भी राष्ट्रपति को सौंपा गया।

———————————————————————————

श्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए पडोसी देशों के विभिन्न नेताओं को आमंत्रित किया गया है। पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेता समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप में शामिल होंगे। समारोह में भाग लेने के लिए राष्ट्रों के प्रमुख राजधानी पहुंचने लगे हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉक्टर मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उप राष्ट्रपति अहमद अफीफ और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगी। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगनौथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल–प्रचंड और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी समारोह में भाग लेंगे।

———————————————————————————

हमारी संवाददाता ने बताया है कि शपथ ग्रहण समारोह को देखते हुए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में विश्व नेताओं की उपस्थिति भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और सागर दृष्टिकोण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता को दर्शाती है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

श्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने लोकसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत प्राप्त की है। दिल्ली पुलिस ने कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। उसमें शपथ ग्रहण समारोह के दौरान दिल्ली के ऊपर पैराग्लाइडर्स, पैरामोटर्स और हैंड ग्लाइडर्स मानव रहित हवाई वाहन और गुब्बारे सहित उपपारंपरिक हवाई प्लेटफोर्मों की उडान पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह रोक अगले दो दिनों तक लागू रहेगी। आनन्द कुमार की रिपोर्ट के साथ मैं पल्लवी परमार आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

इसके पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति से मुलाकात की और नई सरकार बनाने का दावा भी पेश किया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दही खिलाकर अगले कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति भवन के बाहर पत्रकारों से संवाद में श्री मोदी ने कहा कि एनडीए एक सुदृढ, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार का गठन करेगा।

–––बाईट–––

हम भारतवासी खुशनसीब हैं कि कितने बड़े संकटों के बावजूद भी हम आज विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली इकोनॉमी के रूप में जाने गए हैं। ग्रोथ के विषय में भी दुनिया में हमारी वाह–वाही हो रही है। अब एक स्टेबल गर्वनमेंट मिलने कारण और परिचित व्यवस्था नेतृत्व मिलने के कारण दुनिया का भारत के प्रति रुझान आना बहुत तेज गति से होने वाला है और मुझे विश्वास है कि देश के सभी राज्यों को इसका लाभ मिलेगा देश की युवा पीढी को सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा।

श्री मोदी ने कहा कि लोगों ने एनडीए सरकार को एक और अवसर दिया है और यह अठारहवीं लोकसभा नवीन और युवा ऊर्जा का स्रोत है। उनकी सरकार, देशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करेगी। उन्होंने देश को भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार देश का तेज गति से विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

–––बाईट–––

मैं देशवासियों को विश्वास देता हूं कि पिछले दो टर्म में जिस गति से देश आगे बढ़ा है, समाज के हर क्षेत्र में परिवर्तन साफ–साफ नजर आ रहा है। 25 करोड लोगों का गरीबी से बाहर आना ये अपने आप में हर भारतीय के लिए बड़ा गर्व का विषय है और मैं देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि 18वीं लोकसभा में भी हमारे 5 साल के कार्यकाल में भी हम उसी गति के साथ उतने ही समर्पण भाव से देश की आशा आकांक्षाओं को पूर्ण करने में कोई कमी नहीं रखेंगे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

इधर, मंत्रिमंडल गठन को लेकर सरगर्मी तेज हो गयी है। एनडीए में शामिल विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेता मंत्रियों की सूची तैयार करने में जुटे हुये हैं। भाजपा अध्यक्ष जे0पी0 नड्डा ने जदयू, लोजपा, रा हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के नेता के साथ मंत्रिमंडल गठन को लेकर आज गहन विचार–विमर्श किया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जदयू से ललन सिंह, रामनाथ ठाकुर, लोजपा राम विलास के चिराग पासवान और हम प्रमुख जीतन राम मांझी का केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होना तय माना जा रहा है।

———————————————————————————

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर के प्रमुख और गया सुरक्षित संसदीय सीट से नवनिर्वाचित सांसद जीतन राम मांझी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तीसरा कार्यकाल और भी बेहतर रहेगा। श्री माझी ने कहा कि यदि उन्हें मंत्रिमंडल में कोई जिम्मेदारी मिलती है तो उसका पूरी निष्ठा से निर्वाहन करूंगा।

———बाईट———

———————————————————————————

जदयू के महासचिव के.सी. त्यागी ने कहा है कि नीतीश कुमार को इंडी गठबंधन की ओर से पीएम पद की पेशकश की गयी थी। श्री त्यागी ने कहा कि अब इन सभी अटकलों और सम्भावनाओं पर विराम लग गया है। जदयू पूरी मजबूती के साथ एनडीए का अटूट हिस्सा है।

———बाईट———

———————————————————————————

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को पार्टी के संसदीय दल का नेता निर्वाचित किया गया है। आज नई दिल्ली में कांग्रेस की संसदीय दल की बैठक में श्रीमती गांधी के नाम के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

———————————————————————————

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने नौकरी के बदले जमीन मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू यादव, उनके परिवार के सदस्यों और अन्य लोगों के खिलाफ अंतिम आरोप पत्र दायर कर दिया है। इस पर विशेष अदालत छह जुलाई को सुनवाई करेगी। इससे पहले चार अक्टूबर दो हजार तेईस को न्यायालय ने काथित नौकरी के बदले जमीन घोटाले में एक नई चार्जशीट के आधार पर पूर्व रेल मंत्री लालू यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और अन्य को जमानत दे दी थी।

———————————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कहा है कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट अंडर ग्रेजुएट– दो हजार चौबीस देशभर में पूरी तरह से पारदर्शी और शुचितापूर्ण रही है। एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने यह दावा किया है। श्री सिंह आज नई दिल्ली में नीट परीक्षा के परिणाम में परीक्षार्थियों के ज्यादा अंक और ज्यादा टॉपर से संबंधित मुद्दों पर संवाददाताओं जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा का कोई पर्चा लीक नहीं हुआ था। एनटीए महानिदेशक ने कहा कि यह मुद्दा नीट परीक्षा के उन छह केंद्रों और एक हजार छह सौ परीक्षार्थियों से ही संबंधित है जिनका समय गलत प्रश्न पत्र वितरित करने के कारण नष्ट हो गया था। उन्होंने कहा कि एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है जो इन परीक्षार्थियों को दिए गए ग्रेस अंकों की समीक्षा करेगी। गौरतलब है कि नीट परीक्षा इस वर्ष पांच मई को हुई थी और चार जून को इसका परिणाम घोषित किया गया।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में पछुआ हवा के प्रभाव से भीषण लू की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में अधिकतर स्थानों पर पारा बयालीस डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया है। रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा जहां का अधिकतम तापमान तैंतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केन्द पटना के वैज्ञानिक एस.के. सुमन ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिणी भागों में अनेक स्थानों पर लू की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, राज्य के उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना है।

———बाईट———

इधर, लू के कारण राजधानी पटना और आस–पास के क्षेत्रों में जन–जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने दक्षिण–पश्चिम मॉनसून को लेकर राहतभरी खबर दी है। विभाग ने कहा है कि मॉनसून अपनी सामान्य गति से आगे बढ़ रहा है और इसके नियत समय से एक दिन पहले चौदह जून को राज्य में प्रवेश करने की उम्मीद है। हालांकि ग्यारह जून से ही राज्य के विभिन्न भागों में प्री–मॉनसून बारिश की शुरूआत हो जायेगी।

———————————————————————

न्यायमूर्ति अरविंद सिंह चंदेल ने आज पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें पद की शपथ दिलाई। श्री चंदेल इससे पहले छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में न्यायाधीश पद पर कार्यरत थे।

———————————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय योग अभ्यास के बारे में जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करेगा। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू और आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने इक्कीस जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दो हजार चौबीस के कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। लोक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती दूरदर्शन और आकाशवाणी नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का प्रसारण और प्रसारण करेगा। मंत्रालय ने कहा कि आकाशवाणी, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के सहयोग से योग को जीवन शैली के रूप में बढ़ावा देने और लोगों के समग्र कल्याण के लिए कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

———————————————————————————

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में दस जून से सोलह जून तक पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में बिहार महिला कबड्डी लीग का आयोजन किया जायेगा। प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रण शंकरण ने बताया कि बिहार में पहली बार महिला कबड्डी लीग का आयोजन किया जा रहा है। उनहोंने कहा कि लीग मुकाबले सुबह सात बजे से दस बजे और शाम छह बजे से खेला जायेगा। लीग मैच देखने के लिए दर्शकों का प्रवेश पर कोई शुल्क नहीं लगेगा।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण के नरकटियागंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत दिउलिया में हाई टेंशन तार की चपेट में आकर एक मजदूर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार एक निर्माणाधीन ईमारत के सेंटरिंग कार्य के दौरान यह हादसा हुआ। इधर, अररिया जिले के सिमराहा थाना क्षेत्र अन्तर्गत धमदाहा में खेत में पटवन के दौरान करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के तेतिया बंबर थाना क्षेत्र के डंगरा पहाड़ी जंगल में छापेमारी कर पुलिस ने एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्‌भेदन किया है। इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान मौके से तीन देसी कट्टा, तेरह बैरल मैकजीन, कारतूस समेत हथियार बनाने वाले उपकरण बरामद किये गये हैं।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के कलुआही थाना क्षेत्र अन्तर्गत नरार गांव में अपराधियों ने शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने गयी पुलिस की स्पेशल टीम पर गोलीबारी कर दी। अपराधियों की गोलीबारी में दो जवान घायल हो गये हैं। पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————————

समस्तीपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जितवारपुर चौथ गांव में सशस्त्र अपराधियों ने अवकाश प्राप्त रेलकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं, दो लोगों को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर........

01. नरेन्द्र मोदी कल लगातार तीसरी बार लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ। शाम सात बजकर पन्द्रह मिनट पर राष्ट्रपति भवन में होगा शपथ ग्रहण समारोह।

02. श्रीलंका और मालदीव के राष्ट्रपति, सेशेल्स के उप राष्ट्रपति और बांग्लादेश, मॉरीशस, नेपाल तथा भूटान के प्रधानमंत्री समारोह में होंगे शामिल।

03. केन्द्रीय मंत्रिमंडल गठन को लेकर सरगर्मी हुई तेज। एनडीए में शामिल घटक दलों के वरिष्ठ नेता मंत्रियों की सूची तैयार करने में जुटे।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में भीषण लू से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग का पूर्वानुमान अगले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत नहीं।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।